Ans. (c) – सही सुमेलन है।

(i) समेल/सेमल का युद्ध – 1544 ई.

(ii) धर्मत का युद्ध – अप्रैल 1658 ई.

(iii) सामूगढ़ का युद्ध – मई 1658 ई.

(iv) देवराई का युद्ध – अप्रैल 1659 ई.

100. निम्नलिखित जोड़ों में कौनसा एक सही मेल नहीं है-

(a) राणा कुम्भा-गुहिल (b) राणा सांगा-गुहिल

(c) राव मालदेव-राठौड़ (d) राव चन्द्र सेन -भाटी

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (d) – राव चन्द्र सेन (1562-1581 ई.) राठौड़ वंश से संबंधित थे। ये मालदेव राठौड़/राठौर के छोटे पुत्र थे। राव चन्द्र सेन मारवाड़ के प्रताप के नाम से प्रसिद्ध थे। इन्होंने मुगलों के अथक हमलों के खिलाफ लगभग दो दशकों तक अपने राज्य की रक्षा की।

101. राजस्थान में फ्ल्यूरोसिस की समस्या से पीड़ित 'कूबड़पट्टी' क्षेत्र कहाँ स्थित है-

(a) नागौर-अजमेर (b) बाँसवाड़ा-डूँगरपुर

(c) भरतपुर, अलवर (d) टोंक-दौसा

Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016

Ans. (a) – राजस्थान में फ्ल्यूरोसिस की समस्या से पीड़ित 'कूबड़पट्टी' क्षेत्र नागौर और अजमेर जिलों के कुछ क्षेत्रों में पाया जाता है। इन क्षेत्रों के भूगर्भीय जल में फ्लोराइड की अत्यधिक मात्रा होने के कारण यहाँ के निवासियों की हड्डियों में टेढ़ापन आ जाता है तथा पीठ झुक जाती है। इस कारण इस क्षेत्र को 'कूबड़पट्टी' कहा जाता है।

102. राजस्थान के लिए परिचालन जोत का औसत आकार (हेक्टेयर में) है-

(a) 1.73 हेक्टेयर (b) 2.73 हेक्टेयर

(c) 3.73 हेक्टेयर (d) 4.73 हेक्टेयर

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (b) : राजस्थान में उसके जोतों का औसत आकार वर्ष 2016 के आंकड़ों के अनुसार 2.73 हेक्टेयर था। 2011 में यह 3.07 हेक्टेयर था।

103. ''जायका'' राजस्थान में किस क्षेत्र में कार्य करती है?

(a) मरु क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण

(b) जल क्षेत्र आजीविका सुधार

(c) गैर-परम्परागत ऊर्जा स्रोत

(d) सत्कार एवं पर्यटन क्षेत्र

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (b) : राजस्थन में 'जायका' परियोजना का उद्देश्य किसानों की आजीविका में सुधार के साथ-साथ राजस्थान राज्य में कृषि और सिंचाई क्षेत्र में मुख्यधारा को बढ़ावा देना, जल उपयोग दक्षता और कृषि उत्पादकता में सुधार करना है। जिससे पुरुष और महिला किसानों का सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान होता रहे।

104. पीने के पानी में फ्लोराइड की सांद्रता से जिलों का कौन सा समूह सर्वाधिक प्रभावित है?

(a) अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा, बीकानेर

(b) जालौर, बाड़मेर, सिरोही, बांसवाड़ा

(c) बूंदी, पाली, राजसमन्द, उदयपुर

(d) बाराँ, झालावाड़, कोटा, सवाई माधोपुर

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (b) : जालौर, बाड़मेर, सिरोही, बांसवाड़ा फ्लोराइड की सान्द्रता से सर्वाधिक प्रभावित जिले हैं। राजस्थान के सभी जिलों में फ्लोराइड प्रदूषित जल पाया जाता है। इनमें से भी सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र नागौर, जयपुर, अजमेर, सिरोही, झुँझुनू, चुरू, डूंगरपुर, उदयपुर, सीकर, अलवर है। पानी के माध्यम से शरीर में प्रवेश करने वाला फ्लोराइड पूरी तरह से शरीर में अवशोषित हो जाता है। जबकि भोजन के माध्यम से प्राप्त फ्लोराइड बहुत कम मात्रा में अवशोषित होता है।

105. ओपरा विन्फ्री जिसने जयपुर लिट्रेचर फेस्टीवल 2012 में भाग लिया, देश से संबंधित है–

(a) जापान (b) यू.एस.ए.

(c) यू.के. (d) फ्रान्स

Pradhyapak School Siksha 2011

Ans. (b) : जयपुर लिट्रेचर फेस्टिवल, 2012 में भाग लेने वाली 'ओपरा विन्फ्री' का संबंध संयुक्त राज्य अमेरिका (U.S.A) से है। ओपरा विन्फ्री का जन्म 29 जनवरी 1954 में अमेरिका के मिसिसिपी प्रांत के कोस्सिस्को शहर में हुआ था। ये 'Queen of all media' के नाम से मशहूर एक अमेरिकी टॉक शो होस्ट तथा समाजसेवी हैं।

106. राजस्थान सरकार द्वारा ई-धरती कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसका संबंध है।

(a) राज्य के समस्त गाँवों के राजस्व मानचित्रों के डिजिटलीकरण से

(b) राज्य की सभी तहसीलों के डिजिटलीकरण से

(c) महिला सुरक्षा हेतु सभी महत्त्वपूर्ण स्थानों पर कैमरा लगाए जाने से

(d) गूगल मैप की भाँति एक पथ-प्रदर्शक (नैवीगेशन) मानचित्र की परियोजना से

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (a) : राजस्थान सरकार द्वारा शुरू किया गया ई-धरती अपना खाता, राजस्थान राज्य के भीतर भूमि रिकार्ड खोजने और देखने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल है। यह पोर्टल राजस्थान राज्य में डिजिटलीकरण की अवधारणा को बढ़ावा देने पर केन्द्रित है।